दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक



**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।


RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, शुक्रवार 27 दिसम्बर 2019 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-02, अंक- 89

## 241 करोड़ की जीएसटी धोखाधड़ी, एक व्यक्ति गिरफ्तार

**» सीजीएसटी दिल्ली के कर चोरी-रोधी प्रकोष्ठ की कार्रवाई**

**नईदिल्ली(आरएनएस)। सीजीएसटी दिल्ली दक्षिण आयुक्तालय के कर चोरी-रोधी प्रकोष्ठ ने गुरुवार को नई दिल्ली में फर्जी इनवॉयस एवं जीएसटी धोखाधड़ी के एक और मामले का पता लगाया है।**

इसके साथ ही इस प्रकोष्ठ ने इन्वर्टेड ड्यूटी की सरंचना से जुड़ी रिफंड सुविधा का दुरुपयोग कर सरकारी राजकोष को चपत लगाने के एक नये तरीके का भी पर्दाफाश किया है। अब तक इस तरह के लेन-देन में लिप्त 120 से भी अधिक निकायों के बारे में पता चला है, जिनमें 1,600 करोड़ रुपये की फर्जी इनवॉयसिंग एवं 241 करोड़ रुपये की कर चोरी सन्निहित है।



इस बारे में जांच-पड़ताल से फर्जी कंपनियां बनाने के साथ-साथ टैक्स क्रेडिट सृजित करने एवं इन्हें भुनाने के लिए फर्जी इनवॉयस एवं बोगस ई-वे बिल जारी करने के एक संगठित गोरखधंधे का पर्दाफाश हुआ है।

सीजीएसटी अधिनियम, 2017 की धारा 69 के प्रावधानों के तहत इससे जुड़े मुख्य घोटालेबाज को आज गिरफ्तार कर लिया गया और आज ही न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया तथा उसे 10 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। घोटालेबाज ने विभिन्न व्यक्तियों के पहचान-पत्र से जुड़े दस्तावेजों तक अपनी अनधिकृत पहुंच के आधार पर कई कंपनियां बना ली थीं।

विभिन्न जांचकर्ताओं की एक टीम ने इस नये गोरखधंधे का पर्दाफाश किया, जिसने देश भर में बनाई गई कंपनियों के जाल का पर्दाफाश करने के लिए कई हफ्तों तक निरंतर इस पर काम किया। आरोपित व्यक्ति के परिसर से अनेक आपत्तिजनक इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य प्राप्त हुए हैं।

## निर्वाचन आयोग ने की दिल्ली विधान सभा चुनाव के तैयारियों की समीक्षा

**नई दिल्ली(आरएनएस)।** निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को दिल्ली विधान सभा चुनाव 2020 की तैयारियों की समीक्षा की। मुख्य निर्वाचन आयुक्त सुनिल अरोड़ा की अध्यक्षता में निर्वाचन आयोग के नयी दिल्ली स्थित मुख्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में चुनाव आयुक्त अशोक लवासा और सुशील चंद्रा भी मौजूद थे।



बैठक में जिला चुनाव अधिकारियों, पुलिस उपायुक्तों, संयुक्त पुलिस आयुक्तों,नयी दिल्ली नगरपालिका परिषद् तथा दिल्ली नगर निगम के आयुक्त , दिल्ली छावनी बोर्ड के के मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा विभिन्न अनुपालक एजेंसियों के शीर्ष अधिकारियों ने भी भाग लिया। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि भारत के संविधान ने के अनुच्छेद 324 के तहत निर्वाचन आयोग को देश में स्वतंत्र, निष्पक्ष और विश्वसनीय चुनाव कराने का अधिकार प्राप्त है। उन्होंने चुनाव अधिकारियों से कहा कि वे दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में बिना किसी गड़बड़ी के चुनाव कराएं।

चुनाव आयुक्त अशोक लवासा ने चुनाव अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ई विजिल के जरिए चुनाव से संबंधित मिलने वाली शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करें और इसके साथ ही ईवीएम और वीपैट के लिए दिए जाने वाले प्रशिक्षण पर ध्यान रखें। बैठक के दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी डा. रणबीर सिंह ने चुनाव तैयारियों पर एक प्रस्तुति भी दी जिसमें मतदाता सूची की स्थिति, चुनाव के लिए मानव संसाधन की उपलब्धता, सभी चुनाव अधिकारियों के लिए ईवीएम/ वीवीपैट के प्रशिक्षण तथा कम मतदान प्रतिशत की आशंका वाले क्षेत्रों में मतदाओं को मतदान में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए स्वीप जैसी गतिविधियों की जानकारी दी गई।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### कोहरे के कारण 25 ट्रेनें चल रही हैं 2 से 6 घंटे लेट

**» उत्तरी भारत में कड़ाके ठंड**

**नईदिल्ली(आरएनएस)।** पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी से उत्तरी भारतीयों लोगों को ठंड से कंपकपी छूट रही हैं। कोहरे के कारण लोगों को यातायात से जुड़ी समस्याओं का सामना भी करना पड़ रहा है। ऐसे में रेल और हवा यातायात सेवा भी प्रभावित हो रही है। दिल्ली में गुरुवार को काफी कोहरा छाया हुआ है। पारा गिरने के कारण ठंड भी काफी बढ़ गई है। आज राजधानी का न्यूनतम तापमान 6 डिग्री दर्ज किया गया है। गुरुवार सुबह दिल्ली-एनसीआर कोहरे की सफेद चादर में घिरी हुई नजर आई। कई क्षेत्रों में विजिबिलीटी 200 मीटर से नीचे पहुंच गया है। कोहरे के कारण दिल्ली में आ रही 25 ट्रेनें लेट चल रही है। इसमें कटिहार-अमृतसर एक्सप्रेस, पुरुषोत्तम एक्सप्रेस, वैशाली एक्सप्रेस, प्रयागराज एक्सप्रेस, गोरखधाम एक्सप्रेस, समेत कई ट्रेनें शामिल हैं। यह ट्रेनें 2 घंटे से लेकर 6 घंटे तक लेट चल रही है। इसके कारण यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। दिल्ली में बुधवार सुबह का तापमान 5.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। मौसम विभाग के अनुसार, शहर में 1997 के बाद से अब तक दिसंबर के महीने में सबसे लंबी अवधि वाले और बेहद ठंडे दिन रिकॉर्ड किए गए।

### नारी शक्ति पुरस्कार 2019' के लिए आवेदन आमंत्रित

**नईदिल्ली(आरएनएस)।** महिला और बाल विकास मंत्रालय ने वर्ष 2019 के लिए 'नारी शक्ति पुरस्कार' के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह राष्ट्रीय पुरस्कार प्रति वर्ष उन व्यक्तियों, समूहों एवं संस्थानों को दिया जाता है, जो महिला सशक्तिकरण, विशेषकर कमजोर और हाशिए पर पड़ी या अधिकार विहीन महिलाओं के हित में असाधारण योगदान करने के लिए दिया जाता है। 8 मार्च, 2020 को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर लगभग 40 'नारी शक्ति पुरस्कार' प्रदान किए जाएंगे। इससे जुड़े पात्रता मानदंडों और दिशा-निर्देशों का विवरण पोर्टल पर उपलब्ध है। आवेदनों/नामांकनों को अवश्य ही पोर्टल पर ऑनलाइन प्रस्तुत किया जाना चाहिए, ताकि उन पर विचार किया जा सके। आवेदन/नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि 7 जनवरी, 2020 है। महिला और बाल विकास मंत्रालय ही महिलाओं के कल्याण से जुड़ा नोडल या प्रमुख मंत्रालय है। यह महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में प्रख्यात संगठनों और संस्थाओं द्वारा प्रदान की जाने वाली विशिष्ट सेवाओं के लिए उन्हें नारी शक्ति पुरस्कार के साथ सम्मानित करते हुए हर साल अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाता रहा है।

### विवेकानंद के अत्यात्मिक ज्ञात की शुरुआत कन्याकुमारी से हुई:कोविंद

**कन्याकुमारी(आरएनएस)।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद 25 और 26 दिसंबर को कन्याकुमारी स्थित विवेकानंद रॉक मेमोरियल और विवेकानंद केन्द्र को देखने पहुंचे। इस अवसर राष्ट्रपति ने कहा कि हम ऐसे स्थान पर एकत्रित हुए हैं जो हमें निरंतर सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है। यह भारत माता के पद पर स्थित इस पत्थर की आध्यात्मिक शक्ति है जिसने आंतरिक शांति की खोज में लगे स्वामी विवेकानंद को कन्याकुमारी आने के लिए आकर्षित किया। 127 वर्ष पहले इसी दिन, 1892 में स्वामी ने इस पवित्र स्थल पर गहन ध्यान किया।

### केवीआईसी ने 1000 बी-बॉक्स, 100 पॉटरी व्हील तथा लेदर किट वितरित किए

**अगरतला(आरएनएस)।** महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर खादी ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने अगरतला में गरीब तबकों को सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से 100 किसानों को 1000 बी-बॉक्स, 100 बर्तन बनाने वालों को 100 पॉटरी व्हील और 100 चमड़े के कारीगरों को 100 लेदर किट प्रदान किए। इस कार्यक्रम में त्रिपुरा के मुख्यमंत्री विप्लव कुमार देव मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम में केवीआईसी के चेयरमैन वी.के.सक्सेना भी उपस्थित थे।

## कृष्णा नगर की बिल्डिंग में लगी भीषण आग, 40 लोग बचाए गए

**नई दिल्ली(आरएनएस)।** राजधानी दिल्ली में फिर एकबार आग लगने की खबर है। बुधवार देर रात करीब 2.10 मिनट पर कृष्णा नगर स्थित एक बिल्डिंग में आग लग गई। इस आगजनी में 40 लोगों बचाया गया। दिल्ली फायर सर्विस ने इस बात की जानकारी दी है। इस आग की वजह से आग ने भगदड़ मचाया है।



बताया गया कि जिस इमारत में आग लगी वह कबाड़ का गोदाम है। तीन मंजिला गोदाम में देर रात आग लगने से भगदड़ मच गई, जिसकी सूचना मिलते ही दमकल कर्मियों ने सूझबूझ और तत्परता दिखाते हुए 40 लोगों को सकुशल बचाया।

गोदाम में प्लास्टिक के समान ज्यादा होने के कारण आग फैल गई। फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है। हालांकि राहत की बात यह है कि घटना में किसी तरह के जान-माल का नुकसान नहीं हुआ और एक बड़ा हादसा होते होते टल गया।

बता दें कि दिल्ली में दिसंबर महीने में आग लगने की 2 बड़ी घटनाएं हुई हैं। दिल्ली के अनाज मंडी में स्थित एक फैक्ट्री में आग लगने से 45 लोगों की मौत हो गई थी, वहीं कई लोग घायल हो गए थे। वहीं किराड़ी में एक इमारत में आग लगने से 9 लोगों की मौत हो गई थी। इसके अलावा इस महीने ही दिल्ली में अन्य छोटी-छोटी आगजनी की घटनाएं सामने आई हैं।

## एलओसी पर पाक की नापाक हरकत का भारत ने दिया करारा जवाब

**» दो पाकिस्तानी सैनिक ढेर**

**नई दिल्ली(आरएनएस)।** भारतीय सेना को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। सेना ने पाकिस्तान के दो सैनिकों को ढेर कर दिया है। दरअसल, बीती रात लाइन ऑफ कंट्रोल पर पाकिस्तानी सेना की तरफ से सीजफायर का उल्लंघन करते हुए फायरिंग की गई थी। भारतीय सेना ने भी जवाबी फायरिंग की। इस दौरान सेना ने दो पाकिस्तानी सैनिकों को ढेर कर दिया। पाकिस्तान ने भी इस बात को कबूल किया है कि सीजफायर तोड़ने के बाद भारत की जवाबी कार्रवाई में 2 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए हैं।

बताते चलें कि बुधवार से ही जारी पाकिस्तान की इस कायराना हरकत पर भारतीय सेना ने भारी गोलाबारी करते हुए करारा जवाब दिया। भारत की ओर से दागे गए मोर्टार और भारी गोलाबारी में पाकिस्तानी ठिकानों को भी नुकसान पहुंचा है। पाकिस्ता ने माना है कि पीओके के देवा सेक्टर में दो पाकिस्तानी सैनिक मारे गए हैं। भारतीय सेना के एक सूबेदार भी शहीद हो गए हैं।



इससे पहले बुधवार को पाकिस्तान की ओर से उरी के हाजीपीर में सुबह करीब 11 बजकर 30 मिनट पर गोलीबारी शुरू की गई। गोलीबारी में भारतीय सेना के एक जेसीओ शहीद हो गए। पाकिस्तान की सेना ने रिहायशी इलाकों को भी निशाना बनाया। इसकी वजह से आम नागरिक चपेट में आ गए है। चुरुंदा गांव में नसीमा नाम की एक महिला की मौत हो गई तो एक अन्य जख्मी हो गई है।

पाकिस्तानी सेना ने बारामुला जिले के कई सेक्टरों में कई नागरिक और रक्षा ठिकानों को हल्के हथियारों से भी निशाना बनाया। तोपों से हुई गोलाबारी के कारण नियंत्रण रेखा के इस पार भीतरी इलाकों में रहने वाले ग्रामीणों में खौफ का माहौल पैदा हो गया।

बता दें, पाकिस्तान ने तनाव ऐसे माहौल में बढ़ाया है, जब भारत सरकार ने दो दिन पहले ही कश्मीर से 7 हजार से अधिक सुरक्षाकर्मियों को वापस बुलाया है। इन्हें अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी किए जाने से पहले तैनात किया गया था।

## जामिया विरोध-प्रदर्शन के मिले अहम सुबूत, जल्द होगी कार्रवाई

**» दिल्ली पुलिस का दावा**

**नई दिल्ली(आरएनएस)।** दिल्ली पुलिस ने नये नागरिकता कानून के खिलाफ जामिया नगर में पिछले दिन हुए हिंसा और विरोध-प्रदर्शन की शुरुआत के कारणों का पता लगाना शुरू कर दिया है. पुलिस जांच के लिये खुफिया एजेंसियों से भी मदद ले रही है. दिल्ली पुलिस ने इसके पीछे पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया पर उंगली उठाई है जिसका मुख्यालय दिल्ली के शाहीन बाग, ओखला, जामिया, बटला हाउस इलाके में से किसी एक जगह मौजूद है.




जांच से जुड़े एक आला अधिकारी ने बताया, इसके पीछे एक वजह है, जिसका खुलासा उचित समय आने पर किया जाएगा. उन्होंने कहा कि दिल्ली के जामिया नगर और लखनऊ के नवादा में हुए विरोध-प्रदर्शनों के बाद, जब से पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया का नाम खुलकर सामने आया है, उसके तमाम विश्वासपात्रों को यूपी पुलिस ने हिरासत में लिया है. जबकि कई को गिरफ्तार किया गया है. तब से इस फ्रंट के हजारों कर्ता-धर्ता भूमिगत हो गए हैं. हालांकि, सरकार को कार्रवाई करने के लिए अंतिम रिपोर्ट का इंतजार था.

अधिकारी के मुताबिक, यह विरोध-प्रदर्शन दिल्ली में इसलिए किया गया क्योंकि कार्यकर्ता जानते थे कि मीडिया में आने की वजह से यह अधिक लोगों की नजरों में आएगा जिससे इसे फैलने में मदद मिलेगी. उनके मुताबिक, जामिया नगर में फसाद शुरू होने से दो दिन पहले इस इलाके में करीब 150 से ज्यादा युवा दिल्ली की सीमा रेखा के बाहर से आकर छिप चुके थे. ये वो युवक थे जिन्होंने पथराव शुरू किया और बसों को आग लगा दी.

खुफिया एजेंसी के अधिकारी ने कहा कि वो पर्याप्त सबूत इकट्ठा कर चुके हैं और सही समय पर कार्रवाई करेंगे.

## भीड़ को हिंसा के लिए भड़काना लीडरशिप नहीं:रावत

**» सीएए के विरोध पर आर्मी चीफ बोले**

**नईदिल्ली(आरएनएस)।** देश के कई हिस्सों में नागरिकता संशोधन कानून पर हुए हिंसक प्रदर्शन पर आर्मी चीफ जनरल बिपिन रावत ने सवाल उठाए हैं. एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि भीड़ को दंगे के लिए भड़काना कोई लीडरशीप नहीं है. जनरल रावत ने इस हिंसक प्रदर्शन में कॉलेज और यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स के शामिल होने पर भी सवाल उठाए.



बिपिन रावत ने कहा, नेता वो नहीं होते हैं जो लोगों को गलत दिशा में ले कर जाए. जैसा कि हम देख रहे हैं कि बड़ी संख्या में कॉलेज और यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स प्रदर्शन में शामिल हो रहे हैं. ये सब हिंसा कर रहे हैं सरकारी सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचा रहे हैं. ये कोई लीडरशिप नहीं है.

ज्ञात हो कि हिंसा को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने भी बुधवार को चिंता जताई थी। प्रधानमंत्री ने संशोधित नागरिकता कानून के खिलाफ उत्तर प्रदेश के कई जिलों में हुए हिंसक प्रदर्शनों का जिक्र करते हुए कहा था, यूपी में कुछ लोगों ने विरोध प्रर्दान के नाम पर हिंसा की. वे खुद से सवाल पूछें कि क्या उनका यह रास्ता सही था? जो कुछ जलाया गया क्या वह उनके बच्चों के काम नहीं आने वाला था? पीएम मोदी ने कहा था, हिंसा में जिन लोगों की मृत्यु हुई, जो लोग जख्मी हुए उनके परिवार पर क्या बीती होगी. मैं अफवाहों में आकर सरकारी सम्पत्ति को तोड़ने वालों से आग्रह करूंगा कि सार्वजनिक सम्पत्ति को बचाकर रखना उनका भी दायित्व है.

## 2010 से अलग और खतरनाक है नया एनपीआर

**» चिदंबरम ने मोदी सरकार को घेरा**

**नई दिल्ली(आरएनएस)।** संशोधित नागरिकता कानून का हंगामा अभी शांत भी नहीं हुआ था कि अब राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर (एनआरसी)और राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) को लेकर घमासान तेज हो गया है. केंद्र सरकार की ओर से एनपीआर को मंजूरी मिलने के बाद से बढ़े विवाद पर कांग्रेस नेता और पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने मोदी सरकार को घेरने की कोशिश की है.

चिदंबरम ने कहा है कि बीजेपी की अगुवाई वाली सरकार के पास एक बड़ा और भयावह एजेंडा है. यही कारण है कि उनके द्वारा अनुमोदित एनपीआर, 2010 के एनपीआर और उसके टेक्स्ट से बहुत ही अलग और खतरनाक है.



चिदंबरम ने ट्वीट करते हुए कहा, मुझे खुशी है कि बीजेपी ने 2010 में एनपीआर के लॉन्च का एक वीडियो क्लिप जारी किया है. कृपया वीडियो सुनें, हम देश के सामान्य निवासियों की गणना कर रहे थे. जोर रेजीडेंसी पर था न कि नागरिकता पर. उन्होंने कहा कि प्रत्येक सामान्य निवासी को अपने धर्म या जन्म स्थान से बेपरवाह होना चाहिए. एनपीआर ने 2011 की जनगणना की तैयारी का समर्थन किया. एनआरसी का कोई उल्लेख नहीं था.

चिदंबरम ने कहा, अगर बीजेपी की मंशा ईमानदार है, तो सरकार बिना शर्त बताएं कि वो 2010 के एनपीआर फॉर्म और डिजाइन का समर्थन करती हैं और इसे विवादास्पद एनआरसी से जोड़ने का कोई इरादा नहीं है।

## खराब मौसम व सीएए के प्रदर्शनों की चपेट में गो एयर, कई उड़ानें रद

**नईदिल्ली(आरएनएस)।** नागरिकता संशोधन कानून को लेकर देशभर में प्रदर्शन और हंगामा जारी है। अब इसकी चपेट में एयरलाइन कंपनी गो एयर भी आ गया। एयरलाइन कंपनी गो एयर के प्रवक्ता ने बताया कि प्रदर्शनों के कारण क्रू मेंबर्स समय पर रिपोर्ट नहीं कर सके इसलिए उड़ानों में देरी हो गई है। इसके अलावा उत्तर भारत में खराब मौसम से भी विमान सेवा प्रभावित हुई है। मंगलवार को विमानन कंपनी ने कुल 19 उड़ानें रद्द की थीं। जिससे हजारों यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सोमवार को भी कंपनी ने उड़ानें रद्द की। इनमें दिल्ली, मुंबई, बंगलूरू, अहमदाबाद, कोच्चि, पटना और लखनऊ की उड़ानें शामिल हैं।



सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एयरलाइन के ए320 नियो विमानों के इंजन में गड़बड़ी समेत अन्य दिक्कतों के चलते कई विमानों का परिचालन नहीं हो पा रहा है। इससे विमानों की कमी हो रही है। विमानों और कॉकपिट कर्मियों की कमी के अलावा देश भर में नागरिकता कानून (सीएए) के विरोध प्रदर्शन के चलते बजट एयरलाइन कंपनी गो एयर ने उड़ानें रद्द की हैं। इसके अतिरिक्त खराब मौसम के चलते भी उड़ानें रद्द की गई।

इससे पहले सोमवार को कंपनी ने अपनी 21 उड़ानें रद्द की थीं। इस संदर्भ में सूत्रों ने कहा कि, गो एयर ने मंगलवार के लिए 19 उड़ानें रद्द की हैं क्योंकि उसके पास पर्याप्त संख्या में विमान और पायलट उपलब्ध नहीं हैं। बता दें कि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मिलाकर गो एयर प्रति दिन औसतन 200 से ज्यादा उड़ानों का परिचालन करती है। कंपनी के बेड़े में 57 विमान हैं।